जल संरचनाओं को बचाने कलेक्टर ने की जल संगवारी की समीक्षा



**खबर संक्षेप**

### रिया का लंदन स्कूल ऑफ एकोनामिक्स में चयन



**रायगढ़।** वैदिक इंटरनेशनल स्कूल, संबलपुर के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है। स्कूल की पूर्व छात्रा रिया अग्रवाल का चयन यूनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित लंदन स्कूल आफ एकोनामिक्स में अध्ययन के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे वैदिक इंटरनेशनल स्कूल परिवार के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। रिया की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन का परिणाम है। वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित लंदन स्कूल आफ एकोनामिक्स सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति और अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के क्षेत्र में विश्व के शीर्ष संस्थानों में से एक माना जाता है। यहाँ प्रवेश प्राप्त करना विश्वभर के विद्यार्थियों का सपना होता है। इस विश्वप्रसिद्ध संस्थान में कई महान व्यक्तित्वों ने भी अध्ययन किया है, जिनमें भारत के नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमृता सेन, भारतीय संविधान के निर्माता बीआर अंबेडकर, प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय निवेशक और परोपकारी तथा ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री जैसे प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने रिया को उनकी इस असाधारण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर वैदिक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन आनंद अग्रवाल ने कहा कि रिया की यह उपलब्धि स्कूल के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है।

### महिला सशक्तिकरण राष्ट्र और समाज की ताकत



**सरिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नपं सरिया में समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि नारी शक्ति के प्रति सम्मान प्रकट करने, उनके संघर्षों को मान्यता देने और सामाजिक सशक्तिकरण का संदेश देता है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस ।आज की नारी हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं से अपनी शक्ति को पहचान कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उचित अवसर और सम्मान मिलने पर महिलाएं समाज और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के संघर्षशील महिलाओं का सम्मान करते हुए कमलेश अग्रवाल ने कहा कि आत्मा निर्भरता को महिलाओं की सबसे बड़ी ताकत बताया। अपने संबोधन में नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई। महिला दिवस मनाने के लिए किसी एक दिन की आवश्यकता नहीं है ।

### युवक पर चाकू से हमला, एक गिरफ्तार

**अकलतरा।** अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम अमरताल में बीच-बचाव करने गए युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक को बाल संरक्षण गृह भेजा गया है।

## अधिकांश स्कूल आदिवासी ब्लॉकों में, यहां शिक्षा व्यवस्था ठप

# युक्तियुक्तकरण के बाद खूब थपथपाते रहे पीठ, 52 प्राइमरी स्कूलों में एक ही शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

युक्तियुक्तकरण करने के बाद जिले के सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों की पोस्टिंग होने का हवाला देकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपनी पीट खूब थपथपाई थी, लेकिन अब इसकी पोल खुल गई है। यहां करीब 52 प्राइमरी स्कूल तो ऐसे हैं जहां केवल एक ही शिक्षक हैं।

इस तरह के हालात आदिवासी ब्लॉकों में ज्यादा है। याने आदिवासी ब्लॉकों में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। दूसरी ओर एक शिक्षक पांच-पांच कक्षाओं को किस तरह संभालता होगा यह भी सोचने वाली बात है। सबसे ज्यादा दिक्कत उन स्कूलों में है जहां बच्चों की दर्ज संख्या काफी अधिक है। एक शिक्षक पांच कक्षा के तीन-तीन विषयों को पढ़ाई कैसे कराएगा यह विभाग के अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि प्राइमरी स्कूल ही बच्चों का आधार स्तंभ होता है। यहां से बच्चों का जो मानसिक विकास होता है वहीं आगे चलकर उसे एक होनहार स्टूडेंट बनाता है, लेकिन जिले में इसकी उम्मीद तो नहीं के बराबर है। कारण शिक्षकों की कमी यहां बनी हुई है, और विभाग के अधिकारियों को इसकी कोई परवाह भी नहीं है। यह सवाल जब विधानसभा में उठा तो शिक्षा विभाग के अधिकारियों के हालत खराब हो गया था।

कारण खुद ही युक्तियुक्तकरण के बाद पीठ थपथपाई थी। अब एकल शिक्षक होने से विभाग की किरकिरी हो रही है। यह जानकारी शिक्षा विभाग ने विधानसभा में दी है। जिले में ऐसे 52 प्राइमरी स्कूल हैं जहां केवल एक ही शिक्षक है। ऐसे हालात में इन स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई कैसे होती है यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। शिक्षा विभाग ने विधानसभा में बताया है कि 53 स्कूलों में की एक ही शिक्षक है। इसमें एक स्कूल तो ऐसा भी हैं जहां एक भी शिक्षक नहीं है। याने वह स्कूल शिक्षक विहीन है।

**पढ़ाई कराने में आ रही दिक्कत, कारण दर्ज संख्या ज्यादा**

**हीं संभाल पा रहे एक शिक्षक पांच कक्षा को**




**युक्तियुक्तकरण का असर भी इन एकल शिक्षक स्कूलों में नहीं पड़ा।**

सरकारी शिक्षक भी मानते हैं खुद को कमजोर इस मामले में जो बात सामने आई है खुद सरकारी शिक्षक अपने आप को कमजोर मानते हैं। इसके कारण खुद के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भर्ती कराते है। यदि खुद को कमजोर नहीं मानते तो स्वयं के स्कूलों में अपने बच्चों को एडमिशन कराते। यह हम नहीं बल्कि विभाग के अधिकारी ही कह रहे हैं। याने सरकारी स्कूलों के व्याख्याता अपने बच्चों को बड़े प्राइवेट स्कूलों में पढ़ा रहे हैं क्योंकि उनको सरकारी शिक्षा की हकीकत मालूम है।

**नाम तक लिखने नहीं जानते बच्चे**

ऐसे दर्जनों स्कूलों का उदाहरण है जहां के बच्चे अपना नाम तक लिखने नहीं जानते हैं। प्राइमरी स्कूल में फेल करना ही नहीं है। पांचवीं और आठवीं नाम के बोर्ड है। कारण उनको भी फेल नहीं करना है। यदि कोई बच्चा फेल होता है तो उसके लिए एक्सट्रा क्लास लगाकर उसे पास करना है। ऐसे में गुरुजी बच्चों को पढ़ाएगा ही कैसे, जब उसे पास ही करना है। इन्हीं सब कारणों से बच्चे दिनों दिन कमजोर हो रहे हैं।



# धरमजयगढ़ में थम नहीं रहा अवैध खनन-परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल

धरमजयगढ़ में अवैध कोयला खनन थम ही नहीं रहा है। यहां हर दिन अवैध तरीके से कोयला खनन हो रहा है। यह अवैध कारोबार कोल माफिया कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि कार्रवाई नहीं हो रही है, कार्रवाई कें बावजूद इस पर अंकुश नहीं लग पा रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि इसको शह कौन दे रहा है। अवैध खनन का ताजा मामला सामने आया है जिसमें एक मशीन के साथ करीब 54 टन कोयला जब्त किया गया है।

कुछ दिन पहले बोरो गांव के पास एक चेन माउंटेन मशीन जब्त किया गया था। इसके बाद खनिज विभाग ने करीब 54 टन अवैध कोयला भी जब्त किया। इसके बावजूद बोरो और संगरा क्षेत्र में अभी भी अवैध कोयले के भंडारण और खनन होने की जानकारी मिल रही है। 3 मार्च को भी कार्रवाई करते हुए एक सोनालिका ट्रैक्टर को पकड़ा गया। इस मामले में सज्जाद मोहम्मद उर्फ जादू को भी हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि जिस जमीन से कोयला निकाला जा रहा है वह राजस्व विभाग के अंतर्गत आती है। वहीं कोयला निकालने के लिए जो रास्ता और मशीनें लगाई गई हैं वह वन विभाग की जमीन पर है। जबकि निकाला गया कोयला खनिज विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे में तीन विभागों राजस्व, वन और खनिज की जिम्मेदारी तय होना जरूरी हो गया है।

# रिटायर्ड महिला अधिकारी के बैंक खाते से रकम गायब




हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल

छाल थाना अंतर्गत एक रिटायर्ड महिला अधिकारी के बैंक खाते से रकम गायब होने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पीड़िता सदमे में है और मामले की शिकायत छाल थाना में की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, सपना दास एसईसीएल छाल में पर्सनल विभाग में कार्यरत थीं और जून माह में सेवानिवृत्त हुई हैं। अविवाहित सपना दास नवापारा कॉलोनी स्थित एसईसीएल के क्वार्टर नंबर सी 5 में अकेले रहती हैं। बताया जा रहा है कि वे कभी भी ऑनलाइन लेनदेन नहीं करती थीं और अपनी जरूरत के अनुसार बैंक से ही पैसे निकालती थीं। बताया जा रहा है कि जब सपना दास हाल ही में बैंक से पैसे निकालने पहुंचीं, तब उन्हें पता चला कि उनके खाते में केवल 2 हजार रुपये ही शेष हैं। वही करीब 22 लाख रुपए खाते से निकल चुके है। बैंक स्टेटमेंट देखने पर जानकारी मिली कि खाते से ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से रकम निकल चुकी है। यह देखकर उनको सदमा लगा। इसके बाद सपना दास ने छाल थाने में शिकायत दर्ज कराई। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे ऑनलाइन ठगी का मामला मान रही है। फिलहाल मामले को अभियोजन की सलाह के लिए भेजा गया है। सलाह मिलने के बाद एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच की जाएगी। गौरतलब है कि सपना दास के खाते में एसईसीएल विभाग की ओर से पेंशन, पीएफ, ग्रेच्युटी समेत अन्य राशि ट्रांसफर होनी है। विभाग द्वारा उनसे संपर्क भी किया गया है, लेकिन खाते से रकम गायब होने की घटना के बाद वे काफी भयभीत हैं। उन्हें आशंका है कि कहीं भविष्य में आने वाली रकम भी खाते से गायब न हो जाए। परिवार में कोई सदस्य न होने के कारण वे अकेले ही एसईसीएल आवास में रह रही हैं। छाल थाने के एसआई मदन पाटले ने बताया कि सपना दास की शिकायत पर जांच की जा रही है।

### नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने कार्य करेंगी महिलाएं

**नवागढ़।** नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोरा (महंत) में सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत बनाने और महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार 7 मार्च को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान महिला कमांडो टीम का गठन कर टोपी व सीटी वितरण किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोरा (महंत) पहुंचकर ग्रामीणों एवं महिलाओं के साथ संवाद किया। साथ ही महिलाओं को समाज में सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में 50 महिला कमांडो टीम का गठन किया गया, जिसमें ग्राम की सक्रिय महिलाओं को शामिल किया गया है। इस टीम का उद्देश्य गांव और आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस तक पहुंचाना तथा महिला संबंधित अपराधों की रोकथाम में सहयोग करना है।

# अब इतिहास के पन्नों में ढूंढ़ना पड़ेगा देश के सबसे प्राचीनतम किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम

**रागयढ़।** अब आपको भारत के सबसे प्राचीनतम किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक कॉलेज रायगढ़ का नाम गूगल में ढूंढ़ना पड़ेगा। वहज अब इस कॉलेज का नाम इतिहास के पन्नों में दफन होने वाली है। भारत के सबसे प्राचीनतम टेक्निकल कॉलेज में शुमार इस कॉलेज का नाम बदल दिया गया है। इसके लिए न तो कोई औपचारिकता की गई और न ही शहरवासियों को विश्वास में लिया गया। हालांकि यह प्रक्रिया बीते साल से ही चल रही थी, लेकिन एक सप्ताह पहले इस कॉलेज के मुख्य द्वार पर नया बोर्ड भी लटका दिया गया है। ऐसे में 1955-56 के दशक में स्थापित इस कॉलेज का नाम अब लोग ढूंढ़ते रह जाएंगे।

खास बात यह है कि इस कॉलेज से लाखों इंजीनियर निकल चुके हैं और देश के अलग-अलग प्रांतों में सेवाएं दे रहे हैं। जिले में भी यहां से पढ़ाई करने वाले आधे दर्जन से अधिक लोग सेवा दे रहे हैं। जो भी हो अब इस नाम का अस्तित्व मिटने वाली है। यह दानवीर सेठ किरोड़ीमल की याद को सदैव ताजा करती रहती है, लेकिन अब शायद इतिहास के पन्नों में दफन हो जाएगा। इसकी जानकारी हुई तो शहरवासियों के मन में धीरे-धीरे विरोध की चिंगारी भी सुलग रही है। अब इस कॉलेज का नाम छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दे दिया गया है। इस नाम का बोर्ड भी टंग चुका है। कुल मिलाकर जो नाम देश के प्रतिष्ठा के रुप में लिया जाता था अब उसे अलग नाम से जाना जाएगा। इस कॉलेज का उद्धघाटन फरवरी 1955 में अविभाजित मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल द्वारा किया गया था। सात दशक से यह संस्थान दानवीर सेठ किरोड़ीमल के नाम से जुड़ा रहा है और रायगढ़ को एक अलग पहचान इसके कारण ही मिली है।

- बिना औपचारिकता शासन ने अपने मन से बदल दिया नाम, बीते साल से ही लगाया जा रहा था कयास
- यह भारत के सबसे प्राचीनतम टेक्निकल कॉलेज में है शुमार
- पता चला तो शहर वासियों के भीतर सुलग रही है विरोध की चिंगारी
- यहां से लाखों निकल चुके हैं इंजीनियर, देश के अलग- अलग प्रांतों में दे रहे हैं सेवाएं, जिले में ही आधे दर्जन अधिकारियों की है पोस्टिंग

**71 साल पहले रखे गए किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम कर दिया गया दफन**



**नटवर स्कूल के नाम बदलाव पर हुआ था बवाल**

नटवर स्कूल को जब स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बनाया जा रहा था तब इस नाम को लेकर काफी बवाल हुआ था। इतना ही नहीं करीब 15 दिनों तक एक संगठन के बैनर तले आंदोलन भी किया गया था। इसके बाद नटवर स्कूल के नाम को यथा स्थिति में रखने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट में भी कुछ लोगों ने याचिका दायर किया था। उस समय स्वामी आत्मानंद नटवर स्कूल रखा गया था। बाद में केंद्र की योजना के अनुरुप पीएमश्री नटवर स्कूल के नाम से जाना जा रहा है। याने नटवर को नाम वहां से हटाया ही नहीं गया है। ऐसे में पॉलिटेक्निक कॉलेज के नाम परिवर्तन को लेकर नटवर स्कूल के नाम बदलाव के जैसे हालात निर्मित होने की संभावना जताई जा रही है।

# जिले की 2 लाख 97 हजार महिलाओं के खाते में जमा हुई महतारी वंदन की 25 वीं किस्त

**रायगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर में आयोजित वृहद महतारी वंदन सम्मेलन से सीएम विष्णुदेव साय ने एक क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 68 लाख से अधिक पात्र महिलाओं के बैंक खातों में महतारी वंदन योजना की 25वीं किस्त की राशि सीधे अंतरित की। योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले की कुल 2 लाख 97 हजार 819 पात्र महिलाओं को योजना की 25वीं किस्त के रूप में 27 करोड़ 23 लाख 54 हजार 750 रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। बता दे योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ साथ छोटे मोटे स्वरोजगार, बचत तथा बच्चों की शिक्षा जैसे कार्यों में भी सहयोग प्राप्त कर रही हैं। जिले की बड़ी संख्या में महिलाएं इस योजना से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।



### टिपाखोल डैम को बचाने की जरुरत, किया प्रदर्शन

**रायगढ़।** प्राकृतिक संपदाओं को निरंतर तबाह किया जाना कहीं न कहीं आने वाले भविष्य के कुछ सालों में इंसानी जीवन की उम्र को भी घटाने का षड्यंत्र हैं। जिसे समय रहते यदि रोकने का प्रयास नहीं हुई तो उन पर प्रकृति तबाह हो सकती है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण रायगढ़ शहर से लगे टिपाखोल डैम है। रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ के विनय शुक्ला, वासुदेव शर्मा, शेख कलीमुल्ला, ऋषभ मिश्रा, अभिषेक चौहान, डीडी शुभंकर, अनिल अग्रवाल चीकू समेत दर्जनों सदस्यों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर कर टीपाखोल जलाशय स्थल पर अपना ज्ञापन जिला प्रशासन के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार श्री बंजारे को सौंपा है। जिसमें आग्रह किया कि कालांतर में तत्कालीन कलेक्टर को पत्र सुपुर्द करके आग्रह किया था। खनिज विभाग के क्वार्टजाईट लीज धारक यांगेटी इंटरप्राइजेज के द्वारा बेतरतीबी उत्खनन में इसी खदान से सटे टिपाखोल डैम को भी नुक़सान पहुंचाया जा रहा है। जिसका प्रमाण यह कि कार्यपालन अभियंता सिंचाई द्वारा 21 अगस्त 2025 को कलेक्टर को प्रेषित पत्र में उल्लेखित है।

# कापू पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कापू पुलिस ने जमीन विवाद में मारपीट मामले के फरार आरोपी उमेश कुमार नट पिता स्व. जगरनाथ नट 48 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



कापू थाने में 10 नवंबर 2025 को प्रार्थी बाबू सिंह उर्फ नान्हू उर्फ पप्पू नट निवासी ग्राम कण्ड्रजा विजयनगर पटनापारा द्वारा मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रार्थी की पत्नी और मां के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 3571/2 रकबा 0.210 हेक्टेयर को लेकर आरोपी उमेश कुमार नट के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना के दिन प्रार्थी अपने खेत की जोताई कर वापस घर लौट रहा था, तभी आरोपी उमेश कुमार नट अपने साथियों विशाल सिंह, जयपाल सिंह और प्रेम सिंह नट के साथ वहां पहुंचा और गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर कापू पुलिस ने धारा 296, 115(2) 351(2) 333, 117,; 118,3,5 बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में धारा 117 और 118 बीएनएस जोड़ी गई। मामले में पुलिस द्वारा पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका था, जबकि मुख्य आरोपी उमेश कुमार नट घटना के बाद से फरार था। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## जनपद स्तर पर प्रगति नहीं होने पर संबंधित अमले पर होगी कार्रवाई

# पीएम आवास निर्माण की अब होगी हर सप्ताह समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पीएम आवास निर्माण की अब हर सप्ताह समीक्षा होगी। इस तरह का निर्देश जिला पंचायत सीईओ ने बैठक में दिया है। जिला पंचायत सीईओ अभिजीत पठारे ने पीएम आवास निर्माण से जुड़े लोगों की बैठक लेकर यह निर्देश दिया है। उन्होंने जिले के सभी विकासखण्डों के विकासखण्ड समन्वयक एवं फील्ड नोडल अधिकारियों से पंचायतवार आवास निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

समीक्षा के दौरान सीईओ पठारे ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिन हितग्राहियों के आवास अभी तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन आवासों की प्रगति का सूक्ष्म स्तर पर परीक्षण करते हुए उन्हें तय समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के लिए कहा। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-26 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को समय पर पूर्ण कराने के लिए कार्य की प्रगति को विभिन्न चरणों में विभाजित कर निगरानी करने की रणनीति बनाई गई। इसके अंतर्गत प्लींथ लेवल से खिड़की लेवलए खिड़की लेवल से डोर लेवल, डोर लेवल से रूफ लेवल तथा रूफ लेवल से पूर्णता लेवल तक कार्य प्रगति सुनिश्चित करने के लिए फील्ड नोडल अधिकारियों को साप्ताहिक लक्ष्य प्रदान किए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अपने क्षेत्र में हितग्राहियों से सतत संपर्क बनाए रखते हुए निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किया जा सके।



**90 दिनों की मिलेगी मजदूरी**

पीएम आवास ग्रामीण के अंतर्गत मनरेगा से हितग्राहियों को 90 दिवस की मजदूरी उपलब्ध कराने की प्रगति तथा लंबित भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पात्र हितग्राहियों को समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में स्वीकृत अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों की भी समीक्षा की गई। जनपद स्तर पर अपेक्षित प्रगति नहीं पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी।

### बैठक में अनुपस्थित राजस्व निरीक्षक व पटवारियों को नोटिस

**पामगढ़।** नव पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पामगढ़ राजकुमार तंबोली की कार्य शैली से कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा 6 मार्च को राजस्व निरीक्षक एवं पटवारीयो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ ग्रामीण सचिवालय राजस्व पखवाड़ा, नक्शा, बटांकन, आधार सीडिंग, डिजिटल हस्ताक्षर, सीमांकन आदि के प्रगति के संबंध में उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली गई। बैठक में बिना किसी अवकाश स्वीकृति एवं पूर्व सूचना के एक राजस्व निरीक्षक एवं चार पटवारी अनुपस्थित थे। उनके द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक एवं उच्च अधिकारियों के आदेश के पालन में कोई रुचि नहीं लेने की कृत्य को शासकीय कार्य के प्रति गंभीर अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाभिचारीता मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए उनके उक्त कृत्य के कारण उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों को प्रस्तावित करने के पूर्व तीन दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।



# जॉन की 'फोर्स 3' में हर्षवर्धन राणे की हुई एंट्री

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की फिल्म 'फोर्स' और 'फोर्स 2' 2011 और 2016 में रिलीज हुई थी। अब निर्माता इसकी तीसरी कड़ी लेकर आ रहे हैं जिसमें हर्षवर्धन राणे भी आधिकारिक तौर पर शामिल हो गए हैं। इस खबर ने उनके फैंस को खुश होने का बड़ा मौका दे दिया है। दिलचस्प बात यह है कि 'फोर्स 3' में अपने होने की पुष्टि हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया पर खुद की है। साथ ही, फिल्म के सेट एक वीडियो भी साझा किया है। हर्षवर्धन ने गुजरात में 'फोर्स 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। इससे पहले, उन्होंने इंस्टाग्राम पर मुहूर्त पूजा का एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह शूटिंग शुरू करने से पहले भगवान का आशीर्वाद लेते।

## लाइफ Style



# दिव्या

## 'चिरैया' सीरीज का दमदार ट्रेलर जारी

दिव्या दत्ता सिनेमा का वो चेहरा हैं, जो अपने अभिनय के दम पर दिल और दिमाग में छाप छोड़ जाती हैं। फिर वह कुछ ऐसा करते दिखाई देंगी, लेकिन इस बार उन्होंने भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दे को उठाया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या एक ऐसी कहानी ला रही हैं जिसके जरिए समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि 'शादी लाइसेंस नहीं देती' है। उनकी आगामी वेब सीरीज का नाम 'चिरैया' है जिसका दमदार ट्रेलर और रिलीज तारीख जारी हो गई है। 'चिरैया' का ट्रेलर 1 मिनट 43 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत एक आदर्श परिवार से होती है। दिव्या मुख्य किरदार में हैं, और संजय मिश्रा उनके पति की भूमिका निभा रहे हैं।

ट्रेलर के जरिए बताने की कोशिश की गई है कि शादी का मतलब यह नहीं होता कि पति को अपनी पत्नी की सहमति के खिलाफ जाकर उसके साथ जबरदस्ती करने का हक मिल जाएगा। सीरीज कई साल से चली आ रही समाज की मानसिकता पर सवाल उठाती है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित 'चिरैया' का निर्माण एसवीएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। दिव्या और संजय के अलावा, सिद्धार्थ शॉ, सरिता जोशी, फैसल राशिद, टीनू आनंद और प्रसन्ना बिष्ट जैसे सितारे सीरीज में अलग-अलग किरदारों के साथ दिखे हैं। सीरीज में कुल 6 एपिसोड हैं जिनका प्रीमियर 20 मार्च, 2026 से जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा।

## हॉलीवुड मसाला



# खुद को फिट और फाइन रखते हैं

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' सीरीज के स्टार डेनियल रेडक्लिफ ने अपनी फिटनेस जर्नी और सेहत के प्रति जुनून के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था कि उनकी लाइफस्टाइल काफी खराब थी, लेकिन अब वह फिटनेस को लेकर बेहद गंभीर हैं। डेनियल रेडक्लिफ ने बताया कि कैसे उन्होंने बुरी आदतों को छोड़कर जिम और हेल्दी रूटीन को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाया। डेनियल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि टीन एज में वह 'पूरे दिन कॉफी और सिगरेट' पर चलते थे।




# 19 साल बाद भारत लौट रहीं पॉप स्टार शकीरा

**मुंबई।** करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा। अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी।



# गांव की छोरी बनकर मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** सुपरस्टार राम चरण की आगामी फिल्म 'पेड्डी' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। 2025 में आई 'गेम चेंजर' की निराशाजनक परफॉर्मेंस के बाद, राम की इस फिल्म से लोगों की उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेड्डी' में जाह्नवी कपूर बतौर मुख्य अभिनेत्री नजर आएंगी। चूकि 6 मार्च को अभिनेत्री 29 साल की हो गई हैं। इस खास मौके पर फिल्म से उनकी नई झलक जारी की गई है। आगामी 30 अप्रैल को रिलीज हो रही 'पेड्डी' में, जाह्नवी को 'अचियम्मा' के रूप में पेश किया गया है। पोस्टर में वह साहसी, आत्मविश्वासी और ऊर्जा से भरपूर दिखी हैं। सूती कपड़ों के साथ, गोल फ्रेम का चश्मा लगाए उनका लुक गांव की देहाती छोरी जैसा प्रतीत होता है।



# 'एस्पिरेंट्स सीजन-3' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** द वायरल फीवर की बेहद लोकप्रिय ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' अपने तीसरे सीजन के साथ धमाका करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 6 मार्च को निर्माताओं द्वारा इसका ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसके निर्देशन की कमान दीपेश सुमित्रा जगदीश ने संभाली है। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। यह 13 मार्च से भारत समेत दुनियाभर के 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में एक साथ दस्तक देगी। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' के ट्रेलर में कहानी को नए मोड़ पर पहुंचते हुए दिखाया गया है। सीरीज में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सनी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों के साथ लौटे हैं। वहीं जतिन गोस्वामी को नए चेहरे के रूप में कहानी में शामिल किया गया है।

## टीवी मसाला



# 'सरप्राइज, सरप्राइज!' एक बार फिर लौट रहे हैं अमिताभ

**मुंबई।** देवियों और सज्जनों, मैं, अमिताभ बच्चन, आप सभी का एक बार फिर स्वागत करता हूँ" यह आवाज़ जल्द ही आपके घरों में गूंजेगी। देश के सबसे पॉपुलर और पसंदीदा क्विज़ रियलिटी शो, "कौन बनेगा करोड़पति" का 18वां सीज़न टेलीविज़न पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोनी टीवी के शो का एक नया प्रोमो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें सदी के महानायक, अमिताभ बच्चन अपने पुराने अंदाज़ में शो की वापसी की घोषणा करते हुए दिख रहे हैं।

### चुलबुले अंदाज में प्रोमो की शुरूआत

प्रोमो की शुरुआत अमिताभ बच्चन के चुलबुले अंदाज़ से होती है। कैमरे के सामने आकर वह कहते हैं, "सरप्राइज़!" लाल वेलवेट कोट और काली पैंट पहने वह हमेशा की तरह डैपर लग रहे हैं। वीडियो में, बिग बी शीशे के सामने खड़े होकर अपनी बाहें फैलाते हुए कहते हैं, "सरप्राइज़!" हालांकि, बीच में वह एक छोटी सी गलती पर मुस्कुराते हुए कहते हैं, "सॉरी, मुझसे गड़बड़ हो गई," और फिर अपना वीडियो जारी रखते हुए केबीसी रजिस्ट्रेशन की घोषणा करते हैं।

### रजिस्ट्रेशन की तारीख का खुलासा

केबीसी के इस नए सीज़न का बेसब्री से इंतज़ार है। फैंस के लिए सबसे बड़ी खबर यह है रजिस्ट्रेशन की तारीख। वीडियो में साफ-साफ बताया गया है कि शो के सवाल और रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 9 मार्च से शुरू होंगे। दर्शक सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव ऐप के जरिए हिस्सा ले सकते हैं।

### स्कैम से सावधान रहने की अपील


प्रोमो के आखिर में एक जरूरी डिस्क्लेमर भी दिया गया है, जिसमें कंटेस्टेंट को किसी भी स्कैम या लॉटरी स्कैम का शिकार न होने की चेतावनी दी गई है। चैनल ने साफ किया है कि 'कौन बनेगा करोड़पति' कभी किसी से कोई फीस या चार्ज नहीं मांगता है।

### फैंस एक्साइटेड हैं

अमिताभ बच्चन और केबीसी का पुराना रिश्ता है। पिछले सीजन के आखिर में जब बिग बी इमोशनल हो गए थे, तो उनकी वापसी को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन अब, इस ऑफिशियल प्रोमो ने उन सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। फैंस अपने पसंदीदा होस्ट को फिर से हॉट सीट पर देखने के लिए बेताब हैं। सूत्रों के मुताबिक, नया सीजन जुलाई या अगस्त में आएगा।

# कार्तिक की नई हीरोइन प्रीति मुकुंदन कौन हैं 'नागजिला' से कर रहीं बॉलीवुड में एंट्री





**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अगली रोमांचक फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार चर्चा सिर्फ कार्तिक की नहीं, बल्कि उनके साथ नजर आने वाली अभिनेत्री प्रीति मुकुंदन की भी हो रही है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के बाद प्रीति अब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म के जरिए अपना बॉलीवुड सफर शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, फिल्म के निर्माता प्रीति के चयन से बेहद खुश हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रीति मुकुंदन इस भूमिका के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। वो फिल्म में एक बड़े मजेदार और कॉमेडी से भरपूर किरदार में नजर आएंगी, जो कहानी को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खुद प्रीति भी इस किरदार को लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि उन्हें दर्शकों के सामने अपना एक अलग अंदाज पेश करने का मौका मिल रहा है।

### *कौन हैं प्रीति मुकुंदन?*

*प्रीति एक अभिनेत्री, मॉडल और डांसर हैं, जो अब तक कई तेलुगू, तमिल और मलयालम भाषा की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रीति ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2024 में तेलुगू हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'ओम भीम बुश' से की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म 'स्टार' के जरिए तमिल सिनेमा में कदम रखा। उधर 'मैंने प्यार किया' उनकी पहली मलयालम फिल्म थी। प्रीति को विष्णु मांचू और अक्षय कुमार अभिनीत तेलुगू फिल्म 'कन्नप्पा' में भी देखा गया था।*

# टी-20 विश्व कप के समापन समारोह में आज प्रस्तुति देंगे रिकी मार्टिन, चलाएंगे सुरों का जादू

**अहमदाबाद।** टी-20 विश्व कप 2026 के समापन समारोह के लिए हर कोई उत्साहित है। यह शाम और ज्यादा रंगीन होगी, क्योंकि पॉप गायक रिकी मार्टिन अपनी लाइव प्रस्तुति से सभी का मन मोहने आएंगे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आधिकारिक पोस्ट साझा करते हुए यह खुशखबरी दी है। परफॉर्मेंस शाम 5:30 बजे से शुरू होंगी।'बता दें, क्रिकेट का यह फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा। रविवार 8 मार्च को होने वाले इस मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड से होगा।

***आईसीसी ने सोशल मीडिया पर किया ऐलान***

: आईसीसी ने रिकी मार्टिन के आगमन की पुष्टि करते हुए लिखा, 'टी-20 विश्व कप का जश्न और भी बड़ा हो गया है! हमें यह ऐलान करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि वैश्विक आइकन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल से पहले समापन समारोह में मुख्य कलाकार होंगे। यह एक ऐसा उत्सव है जिसे आप बिल्कुल भी छोड़ना नहीं चाहेंगे!




### जानिए कौन हैं रिकी मार्टिन

दो बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी मार्टिन, लोकप्रिय प्यूर्टो रिकन गायक, गीतकार और एक अभिनेता भी हैं। उन्हें सबसे ज्यादा 'लिविन' ला विडा लोका' के लिए जाना जाता है जो 1999 का लोकप्रिय हिट पॉप गाना है। इसने रिकी को वैश्विक स्तर पर रातों-रात चमका दिया था। उनके अन्य लोकप्रिय गानों में 'द कप ऑफ लाइफ', 'मारिया' और 'शी बैंग्स' शामिल हैं। बतौर अभिनेता उन्हें 'द असासिनेशन ऑफ जियानी वर्साचे' और 'जनरल हॉस्पिटल' जैसी सीरीज में देखा गया है।

## बोलीं- अक्षय कुमार की 'चेली' बनकर रहूंगी

# 'भागम भाग 2' में मीनाक्षी चौधरी की एंट्री पक्की



***मुंबई।** साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी अब बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि वो अक्षय कुमार की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म के सीक्वल 'भागम भाग 2' के जरिए हिंदी सिनेमा में अपनी शुरुआत करेंगी। मीनाक्षी ने इसे अपने करियर का एक बड़ा मोड़ बताते हुए कहा कि अक्षय जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का अवसर उन्हें बिल्कुल सही समय पर मिला है।*

### सही समय पर मिला सही मौका

वैराइटी इंडिया से बातचीत में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि ये मौका तब आया, जब मैं बिल्कुल इसी तरह की किसी चीज की तलाश में थी। मैं ऐसी कहानियां ढूंढ रही थी, जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सके। मैंने बचपन में इस फिल्म का पहला भाग देखा था और मुझे वो बहुत पसंद आया था, इसलिए इस फिल्म का हिस्सा बनना ऐसा लगता है जैसे ये बिल्कुल सही समय पर मेरे पास आई है।

### मीनाक्षी ने क्यों चुनी ये फिल्म

मीनाक्षी ने आगे कहा, इससे पहले कई प्रोजेक्ट्स मेरे पास आए थे, उनकी कहानियों में मेरी उतनी दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन जब 'भागम भाग 2' मेरे पास आई तो इसमें सिर्फ और सिर्फ हंसी और मनोरंजन का एहसास हुआ। मुझे लगता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप किसी भी भाषा के हों, इस फिल्म की कहानी और इसके किरदार आपसे जरूर जुड़ेंगे। आप चाहे किसी भी भाषा में इसे देखें, आप इसका भरपूर आनंद लेंगे।

### मैं तो सेट पर हाथ जोड़कर खड़ी रहूंगी

अक्षय की कॉमिक टाइमिंग के साथ तालमेल बैठाने के सवाल पर मीनाक्षी बोलीं, मैं सेट पर सबसे बड़ी छात्रा बनकर रहूंगी, जैसे गुरु के पास चेले होते हैं। वो जो कहेंगे, मैं वही सीखने और पालन करने की कोशिश करूंगी। मैं इस सेट पर वही बनने जा रही हूं और उनसे जितना हो सके, उतना सीखने की कोशिश करूंगी। आपको हर दिन किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम करने का मौका नहीं मिलता, जो अपने काम में इतना अद्भुत हो।

### अक्षय के साथ ये कलाकार भी आएंगे नजर

इस सीक्वल की कमान 'ड्रीम गर्ल' के निर्देशक राज शांडिल्य के हाथों में है, जिन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक रिलीज तारीख का खुलासा नहीं किया है। फिल्म में अक्षय के साथ कॉमेडी के बादशाह परेश रावल, मनोज बाजपेयी और अभिनेत्री आयशा खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। ये 2006 की सुपरहिट फिल्म 'भागम भाग' का आधिकारिक सीक्वल है, जिसका प्रशंसक सालों से इंतजार कर रहे थे।

## खबर संक्षेप



### आकाश बने विधायक प्रतिनिधि

**सरसींवा।** आकाश पांडेय को बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे द्वारा बिलाईगढ़ अनुविभाग के राजस्व विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इसकी अनुशंसा विधायक की ओर से की गई है।

### कब्रिस्तान व ईदगाह क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग

**राउरकेला।** शहर के मुख्य मार्ग व रिंग रोड के सामानंतर महताब रोड पर वाहनों के अनियंत्रित खड़े होने की समस्या को लेकर प्रशासन ने इसके कुछ हिस्से में कड़ा कदम उठाया। दमकल विभाग ऑफिस क्षेत्र में वाहनों को हटाकर और भारी जुर्माना लगा कर रोड को क्लियर किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली। इस पहल को नागरिकों ने सराहा और प्रशासन की कार्रवाई की प्रशंसा की। हालांकि इस रोड के कब्रिस्तान और ईदगाह मैदान वाले हिस्से में अब भी वाहनों का अव्यवस्थित खड़ा होना और माल की लोडिंग अनलोडिंग जारी रहने से लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। प्रशासन की इस क्षेत्र में चुप्पी और कोई ठोस कार्रवाई न होने से नागरिकों के बीच तरह तरह के सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोग और व्यापारियों ने शासन व प्रशासन के उच्च अधिकारियों से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

### अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए नामांकन शुरु

**राउरकेला।** ओडिशा राज्य बार काउंसिल के निर्देशानुसार ओडिशा के सभी वकील संघों के आगामी 2026-27 वर्ष के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकारी समिति का चुनाव आगामी 28 मार्च को निर्धारित किया गया है। इस चुनाव को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए राउरकेला वकील संघ की सामान्य परिषद की बैठक में संघ के वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता सरोज नारायण महापात्र को चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। चुनाव अधिकारी महापात्र ने दायित्व ग्रहण करने के बाद की ओडिशा राज्य बार काउंसिल अधिसूचना के अनुसार आगामी चुनाव के लिए विधिवत अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार 7 मार्च शनिवार से नामांकन शुरू हो गया है। नामांकन 9 मार्च तक दाखिल होगा, 10 मार्च को उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित, 11 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच, 12 मार्च को वैध उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित, 13 मार्च को नामांकन पत्र वापसी तथा 14 मार्च को अंतिम उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की जाएगी।28 मार्च को मतदान होगा।

### सी सेक्टर में ओवरहेड पानी टंकी का निर्माण

**राउरकेला।** रेलनगरी बंडामुंडा के सी सेक्टर स्थित रेलवे कॉलोनी में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। यहां बंडामुंडा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के खेल मैदान परिसर में पहले से मौजूद ओवरहेड रेलवे पानी टंकी के समीप एक नई ओवरहेड पानी टंकी के निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार द्वारा शनिवार को टंकी के लिए जमीन की खुदाई शुरू की गई। बताया जा रहा है कि इस परियोजना को पूरा होने में लगभग ढाई वर्ष का समय लग सकता है।

### टिस्को पोखरी बनेगी पर्यटन स्थल

**राउरकेला।** लंबे समय से उपेक्षित पड़ी टिस्को पोखरी अब नया रूप लेने जा रही है। राउरकेला महानगर निगम आरएमसी ने इसे शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में विकसित करने की योजना बनाई है। आवास एवं शहरी विकास विभाग की ओर से इस परियोजना के लिए 20 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। बहुत जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इतना ही नहीं, टिस्को पोखरी से कुछ दूरी पर व्यापारियों की सुविधा के लिए एक आधुनिक बाजार परिसर भी बनाया जाएगा। दो मंजिला इमारत में 450 से अधिक दुकानें उपलब्ध होंगी।

### अब तक 24 हजार सोख्ता गड्ढों एवं जल संरचनाओं का निर्माण

# जल संरचनाओं को बचाने कलेक्टर ने की जल संगवारी की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

**खास बातें**

- जल शक्ति जन भागीदारी 2.0 पोर्टल में 16 हजार से अधिक जल संचयों की हुई एंट्री

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जल संगवारी अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बनाए जा रहे सोख्ता गड्ढो जल सरंचनाओं एवं जल शक्ति जन भागीदारी 2.0 पोर्टल में एंट्री के संबंध में वन विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, उपसंचालक कृषि, कार्यपालन अभियंता पीएचई, सहायक संचालक उद्यान, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवाए सीएमओ नगरपालिका सारंगढ़ आदि अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिलेभर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल संगवारी अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी एवं योजनाओं के माध्यम से किए गए गड्ढे व जल सरंचनाओं के निर्माण एवं जल शक्ति पोर्टल में अब हुए एंट्री के संबंध में जानकारी लेकर कलेक्टर कन्नौजे ने अफसरों को निर्देशित किया कि जल संगवारी अभियान के तहत हर ग्राम पंचायत में विभागों के माध्यम से जल बचाव हेतु आवश्यक कदम उठाये जाए, जिसमें कालेज एवं स्कूलों में निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, गांवों में रैली निकालकर व चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को जल निकासी स्थान पर श्रमदान से अधिक से अधिक सोख्ता गड्ढा किए जाने प्रेरित करना आदि जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा सकते है। इस अवसर पर कलेक्टर ने कृषि विभाग के अमला को धान के बदले कम पानी से अधिक आमदनी वाले अन्य फसल जैसे दलहनी तिलहन एवं मोटा फसल के उत्पादन हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने निर्देशित कियाए ताकि अधिक से अधिक पानी का बचाव हो सके।



बैठक लेते कलेक्टर।

**विभागों को मिला टारगेट**

बैठक में जनपद पंचायत बरमकेला को 35 हजार, बिलाईगढ़ को 20 हजार एवं सारंगढ़ को 20 हजार, इसप्रकार कुल 75 हजार सोख्ता गड्ढा एवं अन्य सरंचनाओं का पोर्टल में एंट्री करने का लक्ष्य दिया गया है। इसी तरह वन विभाग को 30 हजार, शिक्षा विभाग को 3 हजारए जिले के सभी नगरीय निकाय में के लिए 10 हजार पोर्टल में एंट्री करने निर्देश दिया गया।

# कलेक्टर ने किया शहर के कई स्थलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

- इंडोर स्टेडियम, रेंजरपारा पुल और प्रस्तावित सर्किट हाउस स्थल के आसपास क्षेत्र का सफाई, सौंदर्यीकरण और अवैध कब्जा हटाने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने पूरी टीम के साथ शहर के कई स्थलों का शुक्रवार को निरीक्षण कर विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया साथ ही पुलिस और राजस्व विभाग को नगरपालिका के साथ समन्वय कर कार्यवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सारंगढ़ क्षेत्र के गधाभाठा रोड स्थित इंडोर स्टेडियम के पास बने कचरा डंपिंग स्थल का निरीक्षण कियाए जहां साफ सफाई का कार्य चल रहा है।

उन्होंने नप सीएमओ को निर्देश दिए कि स्थल पर मिट्टी डालकर रोलर चलाया जाए तथा आसपास की झाड़ियों की भी सफाई कराई जाए। उन्होंने एसटीपी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने की जानकारी लेते हुए जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जेलपारा और रेंजर पारा पुल के पास पुराना नाम नाका नंबर 5 चल रहे रंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी द्वारा प्रस्तावित सर्किट हाउस के लिए स्थल का भी निरीक्षण किया। यह सर्किट हाउस करीब ढाई एकड़ भूमि में बनाया जाएगा, जिसके कार्य को जल्द प्रारंभ कर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान लोहारिन डबरी तालाब की बाउंड्रीवाल का कार्य जल्द पूरा कराने के लिए नगरपालिका को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने सारंगढ़ के मुक्तिधाम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मुक्तिधाम के सामने बनी झोपड़ियों को हटाने और आदर्श मुक्तिधाम के पास लगे अवैध ठेलों को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही मुक्तिधाम परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण कराने तथा पीएचई विभाग को श्मशान घाट में बोर खनन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुक्तिधाम परिसर में फैली गंदगी को तत्काल साफ कराने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सब्जी मार्केट का भी जायजा लिया और वहां दुकानों के शेड में हुए बेजा कब्जे को हटाने तथा पूरे बाजार क्षेत्र में साफ, सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# एनटीपीसी लारा में मनाया गया महिला उत्सव, किया गया सम्मान




**रायगढ़।** सामुदायिक विकास के प्रतिबद्ध एनटीपीसी लारा ने अपनी सीएसआर पहल के तहत अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक शानदार महिला उत्सव का आयोजन किया। इसमें आस-पास के समुदायों की सेल्फ़ हेल्प ग्रुप एसएचजी की महिलाओं, कर्मचारियों और ग्रामीणों को एक साथ लाकर टैलेंट, एंटरप्रेन्योरशिप और सामाजिक तरक्की का एक बड़ा जश्न मनाया गया।

कार्यक्रम में नीरज जलोटा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर यूएसएससी और आरईडी (डब्लूआर-II) के साथ सुभाष ठाकुर, श्रीमती रेखा ठाकुर प्रेसिडेंट प्रेरिता महिला समिति, केशव चंद्र सिंह रॉय, अशोक मिश्रा, ऑपरेशंस और फ्यूल मैनेजमेंट, हेमंत पावगी और जाकिर खान भी मौजूद थे। इस इवेंट में प्रेरणा महिला समिति की सीनियर मेंबर्स, एनटीपीसी लारा की महिला कर्मचारियों, एसएचजी महिलाओं और आस-पास के इलाकों के गांववालों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीरज जलोटा ने कम्युनिटी डेवलपमेंट में मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर ज़ोर दिया और सभी को समाज को बेहतर बनाने में एक्टिव रूप से योगदान देने के लिए हिम्मत दी। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि देश के पूरे विकास के लिए महिलाओं का एम्पावरमेंट ज़रूरी है, और महिलाओं की एंटरप्रेन्योरशिप और आत्मनिर्भरता को सपोर्ट करने वाली कोशिशें मज़बूत और ज़्यादा खुशहाल कम्युनिटी बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं।

**दिव्यांगों को किया गया कृत्रिम अंग वितरण**

दिव्यांगों को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने तथा उनकी जीवन को बेहतर बनाने के मकसद से एक अच्छी पहल के जरियेए आस पास के गांवों के दिव्यांग लोगों को कृत्रिम अंग बांटे गए। इस पहल का मकसद चलने फिरने की क्षमता बढ़ाना, आत्मविश्वास वापस लाना और एक आज़ाद और इज़्ज़तदार ज़िंदगी जीने में मदद करना था। इस कार्यक्रम में प्रेरिता महिला समिति के सीनियर सदस्य, कर्मचारी और गांव वाले शामिल हुए, जिससे इनक्लूसिव कम्युनिटी डेवलपमेंट के मकसद को मज़बूत सपोर्ट मिला।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षिकाओं का सम्मान



**घरघोड़ा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शास कन्या उच्च माध्य शाला घरघोड़ा मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षिकाओं के साथ कार्यालयीन महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम प्राचार्य सहित शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत करते हुए विद्यालय में छात्राओं के हित में किए जा रहे कर्तव्यों एवं कार्यों की सराहना की। विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षिकाओं ने आगामी दिनों विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर कार्ययोजना प्रस्तुत कर कार्यक्षेत्र में उत्साह पूर्वक कार्य करने की बात कही द्यविद्यालय के प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला शिक्षिकाओं को पुष्पगुच्छ उपहार प्रदान कर सम्मानित करते हुए कहा की वे घर परिवार की जिम्मेदारी के साथ ईमानदारी पूर्वक विद्यालय में भी अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहे हैं जो सराहनीय है द्यइस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही ।



### महिला पुलिस कर्मियों का हुआ सम्मान

**रायगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज पुलिस कंट्रोल रूम में जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष भर जिला पुलिस में अपने कर्तव्यों का उत्कृष्ट निर्वहन करने वाली महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न श्रेणियों में चयनित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने महिला पुलिसकर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिला पुलिसकर्मी समाज में नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दे रही हैं। आज महिलाएं पुलिस, आर्मी सहित कई ऐसे क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं जिन्हें पहले पुरुष प्रधान माना जाता था। देश की महिलाएं समाज में सकारात्मक बदलाव की अग्रदूत हैं और नई पीढ़ी के लिए रोल मॉडल हैं। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से देश की सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दीं।

## लोक शक्ति समिति का महिला सम्मान समारोह




**छाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम बनहर में महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोक शक्ति समिति के तत्वावधान में भव्य महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की अनेक महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया उपस्थित रहे। धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया आमंत्रित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीनव राठिया ने की। इस अवसर सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिदार पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जनपद सदस्य रोहिणी पटेल, क्षेत्र के पार्षदगण, समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और महिलाओं के सम्मान, अधिकार तथा आत्मबल को मजबूत करना समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



# जंगल में भीषण आग, जंगली जानवरों और पेड़ों को नुकसान

**धरमजयगढ़।** क्षेत्र के आमापाली के पास जंगलों में आग लगने की घटना सामने आई है। जंगलों में लगी आग से वन संपदा को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। यह आग किसी अन्य जगह पर लगाई गई हैं जो जलते-जलते गांव के पास के खेतो तक पहुंचे चुका हैं। देखने पर ऐसा प्रतीत हो रहा था की यह आग बीते दिनों लगाई गई हो। वन विभाग द्वारा जंगलों की सुरक्षा को लेकर बैठकों और योजनाओं की बात तो की जाती है, लेकिन धरातल पर इन फैसलों का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**अधिकारियों को क्या जंगल जले तो जले**

ग्रामीणों और क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि जब जंगलों में आग लगी हुई थी, तब जिम्मेदार अधिकारी अपने कार्यालयों में बंद कमरे में आराम फरमाते नजर आए। समय पर कार्रवाई नहीं होने से आग फैलती रही और जंगल के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचा।

**वन संपदा को हो सकता है बड़ा नुकसान**

जंगलों में लगी आग से पेड़ पौधों, वन्य जीवों और पर्यावरण को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोग और पर्यावरण प्रेमी भी इस घटना को लेकर चिंता जता रहे हैं और जल्द से जल्द आग पर काबू पाने की मांग कर रहे हैं।

# कच्ची सड़क से परेशान नवापारा के ग्रामीण, सीसी रोड निर्माण की मांग

- वर्षों से पक्की सड़क के लिए तरस रहे लोग
- स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी



**चंद्रपुर।** चंद्रपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नवापारा मड़वा के ग्रामीण वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। गांव का मुख्य मार्ग आज भी कच्चा है जिसके कारण बरसात के दिनों में सड़क पूरी तरह कीचड़ और दलदल में बदल जाती है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार मांग करने के बावजूद भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश शुरू होते ही सड़क की हालत बद से बदतर हो जाती है। जगह-जगह कीचड़ और पानी भर जाने के कारण पैदल चलना भी जोखिम भरा हो जाता है। कई बार लोग फिसलकर गिर जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को होती है, जिन्हें मजबूरी में इसी खराब रास्ते से होकर आना जाना पड़ता है। बरसात के समय हालात ऐसे बन जाते हैं कि लोगों को अपने घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है। वही ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के इस मुख्य मार्ग के पक्कीकरण की मांग कई वर्षों से की जा रही है। इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि हर चुनाव के समय सड़क बनाने का आश्वासन जरूर दिया जाता है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही यह मुद्दा ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

बीते 15-20 सालों से गांव के लोग पक्की सड़क के लिए तरस रहे हैं। कई बार मांग उठाने के बावजूद आज तक निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**नीला तोश कुमार पटेल**
**सरपंच नवापारा**

गांव का यह मुख्य रास्ता है और इसी मार्ग से लोगों का रोजाना आवागमन होता है। कच्ची सड़क होने के कारण वाहन चलाना भी मुश्किल हो जाता है।

**रूपकुंवर पटेल, पंच नवापारा**

## बनोरा आश्रम में रंगोत्सव का आयोजन



**रायगढ़।** घंटों कतार बद्ध होकर गुरु चरणों में गुलाल अर्पित करने के बाद शहरवासियों ने होली खेली। बनोरा आश्रम में रंगोत्सव के आयोजन ने समाज के आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा हैं। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के कर कमलों से भक्तों को स्वय को रंगे जाने के साथ ही आत्मीय संतोष का अनुभव हुआ। बनोरा परिसर भटके हुए मानव मन की एकाग्र करने की पावन स्थली है। पूज्य बाबा जी के दर्शन कर होली से रंगे जाने हेतु प्रबुद्ध जन जाति पाती ऊंच नीच अमीर गरीब का भेद भुलाकर घंटों कतार बद्ध होकर अपनी पारी का इंतजार करते रहे। राजनीति, धार्मिक, व्यापारिक, समाजिक, संस्थाओं सहित मीडिया से से जुड़े लोग आम आदमी महिलाएं नेता पार्षद सभी कतार में शामिल होकर अपनी पारी की प्रतिक्षा करते रहे। बनोरा आश्रम का यह दृश्य प्रेम और एकता के अद्भुत संगम का गवाह बन गया। बनोरा आश्रम में होली खेलने की शुरुवात करने के लोगों के बीच प्रेम और एकता की भावना में बढ़ोतरी हो रही है। जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन नजर आ रहा हैं।

# पोर्ते कॉलेज में मनाया गया वार्षिक उत्सव



**घरघोड़ा।** डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा में द्वि दिवसीय वार्षिक उमंग समारोह का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राधे श्याम राठिया सांसद लोकसभा क्षेत्र एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र सिंह ठाकुर भाजपा वरिष्ठ नेता एवं नरेश पंडा जिला उपाध्यक्ष भाजपा रितेश शर्मा कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल घरघोड़ा, हंसराज गुप्ता महामंत्री भाजपा, गुरमीत सिंह पोथीवाल अध्यक्ष अल्पसख्यक मोर्चा एवं अम्बिका सोनवानी अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा और अनुराधा पैंकरा अध्यक्ष महिला मोर्चा तथा द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि लालजीत सिंह राठिया विधायक विधानसभा क्षेत्र धर्मजयगढ़ विशिष्ट अतिथि सोमदेव मिश्रा, अर्जुन सिंह क्षत्रिय एवं हेमसिंह राठिया सरपंच ग्राम पंचायत भेंड्रा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता अरूण कुमार पंडा द्वारा किया गया। महाविद्यालय शासी निकाय समिति सदस्यों में विजय डनसेना, ठाकुर राम राठिया, प्रताप एक्का, रामेश्वर राठिया एवं मालती राठिया मंचस्थ रहे इनके द्वारा सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किए।

## बिजली देने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**सक्ती।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा राजाभाठा लवसरा द्वारा जंगल जमीन पर लंबे समय से काबिज गरीब परिवार को पट्टा और इसी जमीन पर सिंचाई सुविधा के लिए बिजली लाइन दिलवाने की मांग के लिए धरना आन्दोलन किया गया। अनुविभागीय अधिकारी वन शिवेंद्र साहू से चर्चा उपरांत धरना आंदोलन समाप्त हुआ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधि मंडल कामरेड अनिल शर्मा एवं कामरेड कन्हैया कुर्रे के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी वन शिवेन्द साहू से मिला।

